II Jai Sri Gurudev II
Sri Adichunchanagiri Shikshana Trust (R.)

# BGS Vijnatham School

**कक्षा: V**
**विषय:हिन्दी**

**दिनाँक- 16.02.2026**

**पुनरावृति कार्यपत्रिका - 4**

**अविकारी शब्द - संबंधबोधक अव्यय, विस्मयादिबोधक अव्यय, समुच्चबोधकअव्यय**

**प्रश्न 1. उचित समुच्चयबोधकों से रिक्त स्थान भरिए:**

(क) रमन ............................रौनक ने मिलकर एक कार्टून बनाया।

(ख) उसे तेज बुखार था ........................वह आज स्कूल नहीं आ सका।

(ग) वह आज अच्छा नहीं गा सकेगी ..........................उसका गला खराब है।

(घ) यद्यपि यह कविता मैं कई बार पढ़ चुका हूँ, .........................मुझे अभी तक याद नहीं हुई है।

(ङ) माँ ने हलवा बना दिया, ..........................खीर नहीं बनाई।

(च) तुम इस समय हिंदी पढ़ोगे ........................ गणित?

**प्रश्न 2. कोष्ठक में से उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थान भरिए:-**

(क) चरवाहा पेड़ के नीचे खड़ा हो गया ..........................गाएँ मैदान में घास चरने लगीं। (और/किंतु)

(ख) सत्यम ने जन्मदिन पर कुछ चॉकलेट व कुछ पुस्तकें खरीदीं ......................वह उन्हें गरीब बच्चों में बाँट सके। (ताकि /क्योंकि)

(ग) सूर्योदय हुआ .........................पक्षी चहचहाने लगे। (और/या)

(घ) राम बीमार पड़ गया ...........................उसने मम्मी के कहने पर स्वेटर नहीं पहना। (इसलिए / क्योंकि)

(ङ) कक्षा में शोर केवल निखिल ने नहीं मचाया,............................ और भी बहुत सारे बच्चे इसमें शामिल थे। (बल्कि / जबकि)

**प्रश्न 3. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरस्वरूप सही विकल्प छाँटकर लिखिए-:**

(क) वे अविकारी शब्द, जो दो शब्दों, वाक्यांशों या वाक्यों को जोड़ते हैं उन्हें शब्द कहते हैं।

(i) क्रियाविशेषण (ii) समुच्चयबोधक (iii) संयोजक (iv) निपात

(ख) इनमें कौन-सा शब्द समुच्चयबोधक नहीं है-

(i) बहुत (ii) अथवा (iii) या (iv) और

(ग) 'सत्यवादी अर्थात् सत्य बोलने वाला' इसमें समुच्चयबोधक शब्द है-

(i) सत्य (ii) सत्यवादी (iii) अर्थात् (iv) बोलने वाला

(घ) जो अविकारी शब्द वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम शब्दों का आपस में संबंध जोड़ने का कार्य करते हैं, उन्हें .......कहते हैं।

(i) क्रियाविशेषण (ii) समुच्चयबोधक (iii) संबंधबोधक (iv) विस्मयादिबोधक

(ङ) इनमें कौन-सा शब्द संबंधबोधक नहीं है-

(i) के आगे (ii) के भर (iii) के बलबूते (iv) इसलिए

(च) हर्ष, शोक, प्रशसा, घृणा, सावधानी, आश्चर्य आदि भावों को प्रकट करने वाले अविकारी शब्द .................कहलाते हैं।

(i) क्रियाविशेषण (ii) समुच्चयबोधक (iii) संबंधबोधक (iv) विस्मयादिबोधक

(छ) अहा! से कौन-सा भाव प्रकट होता है?

(i) शोक का (ii) बेचैनी का (iii) हर्ष का (iv) घृणा का

(ज) ......................... यहाँ कितनी गंदगी है। रिक्त स्थान के लिए उचित विस्मयादिबोधक शब्द लिखिए-

(i) छिः! (ii) अहा (iii) आह! (iv) यानी

**प्रश्न 4. उचित संबंधबोधकों से रिक्त स्थान भरिए-**

| के बलबूते | के खिलाफ़ | के सहारे | के सामने |
|---|---|---|---|

(क) हमारे पुस्तकालय .................................... बच्चे नुक्कड़ नाटक का अभ्यास कर रहे हैं।

(ख) उसमें बच्चे भ्रष्टाचार........................................आवाज़ उठा रहे हैं।

(ग) उन्होंने हिंदी अध्यापिका ..................................... एक अच्छी स्क्रिप्ट लिखी है।

(घ) अच्छा अभिनय करने वाले कुछ बच्चों................................. हम यह प्रतियोगिता अवश्य जीतेंगे।

**प्रश्न 5. सही विस्मयादिबोधक के साथ भावों को मिलाइए:-**

| | |
|---|---|
| (क) वाह ! | सहमति, स्वीकृति |
| (ख) जी, ठीक ! | हर्ष |
| (ग) ओह ! | चेतावनी |
| (घ) खबरदार ! | पीड़ा |
| (ङ) छी- छी ! | आश्चर्य |
| (च) अरे ! | घृणा |

**प्रश्न 6 उचित विस्मयादिबोधक से रिक्त स्थान भरिए:-**

(क).................................... आगे बेहद खतरनाक मोड़ है।

(ख) .................................... तुमने बहुत जल्दी इस पाठ को समझ लिया है।

(ग) ................................... एक कार में तुम आठों कैसे आ गए?

(घ) ...................................तुमने तो खेल-खेल में एक अच्छी कविता लिख दी है।

(ङ) .................................... यह पेट दर्द तो सही होने का नाम ही नहीं ले रहा है।

(च) ....................................... इस मुहल्ले में हर कोई बाहर कूड़ा फेंक रहा है।

**प्रश्न 7. केस-आधारित अध्ययन प्रश्न:-**

**नीचे दिए गए अनुच्छेद पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**माँ ने कहा कि तुम रोज़ समय पर उठो, पढ़ाई करो और समय पर सो जाओ। पिताजी ने भी समझाया, क्योंकि परीक्षा पास में है और अब मेहनत करने का समय है। उन्होंने बताया कि यदि तुम मन लगाकर पढ़ोगे तो अच्छे अंक ला सकोगे। तुम्हारी किताबें मेज़ पर रखी हैं और कॉपियाँ बैग के अंदर हैं। हाय! यदि तुम मेहनत नहीं करोगे तो अच्छे अंक कैसे आएँगे? इसलिए अभी से ध्यान लगाकर पढ़ाई शुरू कर दो।**

(क) गद्यांश में से दो समुच्चयबोधक शब्द लिखिए।

(ख) "पास में" में संबंधबोधक शब्द कौन-सा है?

(ग) "हाय!" किस प्रकार का शब्द है?

(घ) "क्योंकि" का प्रयोग क्यों किया गया है?

(ङ) "और" शब्द वाक्य में किसका संबंध जोड़ रहा है?